Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स राजस्थान

## नवंबर 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**राजस्थान** **3**

- मेरी माटी मेरा देश अभियान : राजस्थान को मिला 'अमृत अवार्ड' 3
- एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दिव्यकृति सिंह स्टेट इलेक्शन आइकन नियुक्त 3
- 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान मंडप का हुआ शुभारंभ 4
- मतदान उपरांत सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेट 5
- राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023: प्रदेश में 75.45 प्रतिशत हुआ मतदान 6
- भीलवाड़ा के कैलाश के नाम विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का रिकॉर्ड 7



दृष्टि The Vision


**नोट :**

# राजस्थान

## मेरी माटी मेरा देश अभियान : राजस्थान को मिला 'अमृत अवार्ड'

### चर्चा में क्यों ?

31 अक्तूबर, 2023 को राजस्थान ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में तृतीय स्थान हासिल कर 'अमृत अवार्ड' प्राप्त किया है।

### प्रमुख बिंदु

- नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के भव्य समापन समारोह में प्रधानमंत्री ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 3 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ-साथ मंत्रालयों और विभागों को आज़ादी का अमृत पुरस्कार प्रदान किया।
- उल्लेखनीय है कि इन पुरस्कारों का चयन उच्च स्तर पर गठित एक समिति द्वारा किया गया, जिसके अनुसार 36 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में से 3 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में प्रथम पुरस्कार जम्मू और कश्मीर को तथा द्वितीय पुरस्कार गुजरात को दिया गया।
- तीसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से राजस्थान और हरियाणा राज्य को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने ग्रहण किया।




## एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दिव्यकृति सिंह स्टेट इलेक्शन आइकन नियुक्त

### चर्चा में क्यों ?

10 नवंबर, 2023 को भारत निर्वाचन आयोग ने घुड़सवारी में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दिव्यकृति सिंह को 'स्टेट इलेक्शन आइकन' नियुक्त करने के राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि आगामी विधानसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिये राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिये प्रेरित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली मशहूर हस्तियों को 'स्टेट इलेक्शन आइकॉन' के रूप में नियुक्त किया गया है।
- इसी कड़ी में घुड़सवारी में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जयपुर निवासी 24 वर्षीय दिव्यकृति सिंह को 'स्टेट इलेक्शन आइकॉन' नियुक्त किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज से मनोविज्ञान में स्नातक दिव्यकृति ने हाल ही में चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी (ड्रेसेज) स्पर्धा के टीम इवेंट में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीता था।
- वे एशियाई खेलों के अलावा, यूरोप में कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसके साथ ही उन्हें इंडिया टुडे वुमन अचीवर अवार्ड तथा सवाई जयपुर पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।



## 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान मंडप का हुआ शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

14 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में प्रारंभ हुए 14 दिवसीय 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में नए रूप में निर्मित राजस्थान मंडप का शुभारंभ राज्य की अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग एवं वाणिज्य वीनू गुप्ता और राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसीको) की प्रबंध निदेशक डॉ. मनीषा अरोड़ा ने किया।

### प्रमुख बिंदु

- राजस्थान मंडप में आने वाले देशी-विदेशी आगंतुको को प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध उत्पादों को देखने व खरीदने का अवसर मिलेगा।
- इस बार ट्रेड फेयर में आर.एस.एस.आई.सी के राजस्थली सहित पर्यटन, खादी, महिला एवं बाल विकास विभाग और उद्योग विभाग भाग ले रहे हैं।
- मंडप में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से व्यापार मेले में भाग लेने आये उद्यमियों द्वारा लगभग 25 स्टालों का प्रदर्शन किया है, जिसमें राजस्थान के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पादों को विशेष रूप से देश-विदेश में धूम मचाने वाली राजस्थानी हस्तशिल्प वस्तुओं में लाख की चूड़ियां, महिलाओं के श्रृंगार के विविध आईटम्स, टैक्सटाईल्स का सामान, चद्दरे और मोजड़ियों के उत्पादों के स्टॉल शामिल हैं।

- राजस्थानी व्यंजनों के खानपान की व्यवस्था इस बार राजस्थान पर्यटन विकास निगम के माध्यम से की गई है।



## मतदान उपरांत सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेट

### चर्चा में क्यों ?

22 नवंबर, 2023 को राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदान दिवस पर सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर मतदान के उपरांत सेल्फी अपलोड करने वाले मतदाता को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि राजस्थान विधानसभा आम चुनाव- 2023 में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी करने की पहल की गई है।

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2023 के दृष्टिगत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिये मतदान केंद्रों पर सेल्फी पॉइंट बनाये गये है।
- उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर स्थापित सेल्फी पॉइंट से मतदाताओं द्वारा सेल्फी लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट https://ceorajasthan.nic.in/ पर प्रदर्शित लिंक "Upload your Selfie and Download Digital Certificate" पर क्लिक कर पोर्टल पर अपलोड करने पर डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।
- सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर अन्य लिंक "Link to Download e-Pledge Certificate" पर क्लिक करने पर राज्य के समस्त ज़िलों के ज़िलेवार लिंक प्रदर्शित किये गये है। संबंधित ज़िले के नाम पर क्लिक करने पर उस ज़िले के पोर्टल से ई-प्लेज सर्टिफिकेट डाउनलोड किया जा सकता है।

## राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023: प्रदेश में 75.45 प्रतिशत हुआ मतदान

### चर्चा में क्यों?

26 नवंबर, 2023 को राजस्थान के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये प्रदेश में 25 नवंबर, 2023 को हुए चुनाव में 75.45 फीसदी मतदान हुआ।

### प्रमुख बिंदु

- राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिये प्रदेश में 25 नवंबर को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। अब 3 दिसंबर, 2023 को मतगणना होगी। मतदान के दिन लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता निभाई और बढ़-चढ़कर मतदान किया।
- प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2018 की तुलना में इस वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में 0.73 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। विधानसभा चुनाव-2023 के कुल मतदान में पोस्टल बैलेट से हुए 0.83 प्रतिशत मतदान भी शामिल है।
- प्रदेश में 25 नवंबर को ईवीएम से कुल 74.62 प्रतिशत मतदान हुआ। पुरुषों ने 74.53 प्रतिशत और महिलाओं ने 74.72 प्रतिशत मतदान किया। विधानसभा चुनाव-2018 में प्रदेश में 74.71 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिसमें पुरुषों ने 74.75 प्रतिशत और महिलाओं ने 74.67 प्रतिशत मतदान किया था।
- ईवीएम से सबसे अधिक 88.13 प्रतिशत मतदान कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुआ। यहाँ 2018 में 86.13 प्रतिशत मतदान हुआ था। पोकरण विधानसभा क्षेत्र में इस बार 87.79 प्रतिशत मतदान हुआ, यहाँ वर्ष 2018 के चुनाव में 87.50 प्रतिशत मतदान हुआ था। तिजारा में पिछली बार के 82.08 प्रतिशत के मुकाबले इस बार 86.11 प्रतिशत मतदान हुआ।
- पोकरण, कुशलगढ़ और तिजारा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक महिलाओं ने क्रमश: 88.23 प्रतिशत, 87.54 प्रतिशत और 85.45 प्रतिशत मतदान किया।
- आहोर विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम से सबसे कम 61.24 प्रतिशत मतदान हुआ। यहाँ 2018 में 61.53 प्रतिशत मतदान हुआ था। मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र में इस बार 61.29 प्रतिशत मतदान हुआ, यहाँ वर्ष 2018 के निर्वाचन में 60.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। सुमेरपुर में पिछली बार के 60.89 प्रतिशत के मुकाबले इस बार 61.44 प्रतिशत मतदान हुआ।
- जोधपुर, टोडाभीम और बामनवास विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत सबसे कम क्रमश: 62.97 प्रतिशत, 63.22 प्रतिशत और 63.63 प्रतिशत रहा।
- बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 9.6 प्रतिशत, तारानगर में 7.65 प्रतिशत, आसपुर में 7.01 प्रतिशत मतदान में बढ़ोतरी हुई। वहीं, फलौदी में मतदान प्रतिशत में सबसे अधिक 7.15 प्रतिशत, हिंडौन में 6.10 प्रतिशत और जैसलमेर में 4.79 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।
- इस विधानसभा चुनाव में प्रदेश में ईवीएम से कुल 39211399 वोट पड़े। इनमें 18827294 वोट महिलाओं, 20383757 पुरुषों और 348 वोट थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने डाले।

# भीलवाड़ा के कैलाश के नाम विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का रिकॉर्ड

## चर्चा में क्यों?

27 नवंबर, 2023 को भीलवाड़ा शहर के कैलाश सोनी के नाम पर विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का विश्व कीर्तिमान दर्ज किया गया है। साथ ही भीलवाड़ा में सोनी को इस रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि भीलवाड़ा शहर में 8 अक्तूबर, 2023 को विश्व की सबसे बड़ी रोटी का विश्व कीर्तिमान बनाया गया था। यह रिकॉर्ड इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड (वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस) में दर्ज हो गया है।
- यहाँ विश्व की सबसे बड़ी 185 किलो वजनी रोटी बनाई गई है। इस रोटी का व्यास 11.25 फीट गुणा 11.25 फीट है।
- इसको बनाने के लिये पूरे भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों से 24 हलवाई की टीम द्वारा विश्व की सबसे बड़ी रोटी को छह घंटे से अधिक समय में बनाया गया था।
- इसका तवा लगभग 1000 किलो और साइज 16 गुना 12 फीट की थी। इसको बनाने के लिये 1100 ईंटों की भट्टी में 1000 किलो कोयले का इस्तेमाल किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि साल 2012 में गुजरात के जामनगर शहर में 10 फीट गुणा 10 फीट की रोटी 145 किलो का वजन का गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई थी।